# CBSE Class 12 Political Science Question Paper 2017

**SET-1**

**Series GBM**

कोड नं.
Code No. **59/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **16** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

*(ii)* प्रश्न संख्या **1 – 5** तक प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(iii)* प्रश्न संख्या **6 – 10** तक प्रत्येक प्रश्न **दो** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(iv)* प्रश्न संख्या **11 – 16** तक प्रत्येक प्रश्न **चार** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(v)* प्रश्न संख्या **17 – 21** तक प्रत्येक प्रश्न **पाँच** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(vi)* प्रश्न संख्या **21** मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसके उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

*(vii)* प्रश्न संख्या **22 – 27** तक प्रत्येक प्रश्न **छः** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

***General Instructions :***

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *Questions number* ***1 – 5*** *are of* ***one*** *mark each. The answers to these questions should not exceed* ***20*** *words each.*

*(iii)* *Questions number* ***6 – 10*** *are of* ***two*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***40*** *words each.*

*(iv)* *Questions number* ***11 – 16*** *are of* ***four*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***100*** *words each.*

*(v)* *Questions number* ***17 – 21*** *are of* ***five*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

*(vi)* *Question number* ***21*** *is a map-based question. Write its answers in your answer-book.*

*(vii)* *Questions number* ***22 – 27*** *are of* ***six*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

**1.** रूस तथा भारत दोनों द्वारा की गई परिकल्पना के अनुसार बहु-ध्रुवीय विश्व की किसी एक विशेषता को उजागर कीजिए । *1*

Highlight any one feature of the multi-polar world as visualised by both Russia and India.

**2.** 'ऑपरेशन इराकी फ्रीडम (इराकी मुक्ति अभियान)' का क्या महत्त्व था ? *1*

What was the significance of 'Operation Iraqi Freedom' ?

**3.** एक उपयुक्त उदाहरण द्वारा दर्शाइए कि यह आवश्यक नहीं है कि वैश्वीकरण सदैव सकारात्मक ही हो । *1*

Give a suitable example to show that globalisation need not always be positive.

**4.** जनता के विभिन्न वर्गों के लिए विकास का अर्थ अलग-अलग क्यों होता है ? *1*

Why does development have different meanings for different sections of the people ?

**5.** दो समुदायों के बीच हिंसा को लोकतंत्र के लिए ख़तरा क्यों माना जाता है ? *1*

Why is violence between two communities considered as a threat to democracy ?

**6.** गुटनिरपेक्षता की नीति भारत के लिए अपने हित साधनों की दृष्टि से कैसे सहायक रही ? *2*

In which way did the policy of Non-Alignment serve India's interests ?

**7.** 1940 के दशक की उन दो राजनीतिक घटनाओं का विश्लेषण कीजिए जो पाकिस्तान की स्थापना के निर्णय के लिए उत्तरदायी थीं । *2×1=2*

Analyse the two political developments of 1940s that led to the decision for the creation of Pakistan.

**8.** स्तंभ 'A' में दिए गए नामों का, स्तंभ 'B' में दी गई जानकारी से सार्थक मेल कीजिए :

| | *स्तंभ 'A'* | | *स्तंभ 'B'* |
|---|---|---|---|
| (a) | इंदिरा गाँधी | (i) | 1952 से लेकर अपनी मृत्यु तक सांसद बने रहे |
| (b) | राम मनोहर लोहिया | (ii) | 1975 के आपातकाल में विरोध का प्रतीक |
| (c) | जय प्रकाश नारायण | (iii) | बैंकों का राष्ट्रीयकरण |
| (d) | जगजीवन राम | (iv) | नेहरू के विरुद्ध अपने कटु प्रहारों के लिए विख्यात |

$4\times\frac{1}{2}=2$

Match the following meaningfully from the names in Column 'A' with the information in Column 'B' :

| | *Column 'A'* | | *Column 'B'* |
|---|---|---|---|
| (a) | Indira Gandhi | (i) | A Member of Parliament from 1952 till his death |
| (b) | Ram Manohar Lohia | (ii) | Symbol of opposition during emergency of 1975 |
| (c) | Jai Prakash Narayan | (iii) | Nationalisation of banks |
| (d) | Jagjiwan Ram | (iv) | Best known for his sharp attacks on Nehru |

**9.** पंजाब में सामान्य स्थिति बहाल करने में राजीव गांधी – लोंगोवाल समझौता कहाँ तक सफल रहा ? *2*

How far did the Rajiv Gandhi – Longowal Accord succeed in bringing normalcy in Punjab ?

**10.** यदि राष्ट्रीय स्तर पर निर्णयों के लेने में क्षेत्रों को उनका उचित अधिकार नहीं दिया जाए, तो क्या होगा ? *2*

What will happen if the regions are not given their due share in decision-making at the national level ?

**11.** चीन द्वारा सोवियत मॉडल पर आधारित अर्थव्यवस्था अपनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य क्या था ? चीन को इससे कौन-से दो लाभ हुए ? *2+2=4*

What was the main objective behind China's adoption of the Soviet model of economy ? In which two ways was China benefitted by it ?

**12.** सुरक्षा के लिए एक नए ख़तरे के रूप में आतंकवाद का वर्णन कीजिए । *4*

Describe terrorism as a new source of threat to security.

**13.** भारत के लोगों पर वैश्वीकरण के किन्हीं चार नकारात्मक परिणामों की व्याख्या कीजिए । *4×1=4*

Explain any four negative consequences of globalisation for the people of India.

**14.** 1947 में भारत के विभाजन के किन्हीं चार परिणामों को उजागर कीजिए । *4×1=4*

Highlight any four consequences of the partition of India in 1947.

**15.** भारत में काँग्रेस पार्टी का प्रभुत्व, अन्य देशों में एकल-पार्टी प्रभुत्व से किस प्रकार भिन्न था ? स्पष्ट कीजिए । *4*

What distinguished the dominance of the Congress Party in India from the one-party dominance in other countries ? Explain.

**16.** 1969 से 1977 के दौरान, भारत में दलीय प्रणाली में हुए नाटकीय परिवर्तनों का परीक्षण कीजिए । *4*

Examine the dramatic changes that took place in the party system in India during 1969 to 1977.

**17.** निम्नलिखित उद्धरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

परस्पर विरोधी गुटों के अपेक्षाकृत छोटे देशों ने महाशक्तियों के साथ अपने-अपने जुड़ाव का इस्तेमाल निजी हित में किया । इन देशों को स्थानीय प्रतिद्वंद्वी देश के ख़िलाफ़ सुरक्षा का वायदा मिला, हथियार और आर्थिक मदद मिली । इन देशों की अपने पड़ोसी देशों से होड़ थी । महाशक्तियों के नेतृत्व में गठबंधन की व्यवस्था से पूरी दुनिया के दो खेमों में बँट जाने का ख़तरा पैदा हो गया । यह विभाजन सबसे पहले यूरोप में हुआ । पश्चिमी यूरोप के अधिकतर देशों ने अमरीका का पक्ष लिया जबकि पूर्वी यूरोप सोवियत खेमे में शामिल हो गया । इसलिए ये खेमे 'पश्चिमी' और 'पूर्वी' गठबंधन भी कहलाते हैं ।

(i) पश्चिमी तथा पूर्वी गठबंधनों से संबद्ध एक-एक संगठन का नाम लिखिए ।

(ii) छोटे-छोटे देश महाशक्तियों के गठबंधनों में क्यों शामिल होना चाहते थे ?

(iii) 'गठबंधन प्रणाली' किस प्रकार विश्व को विभाजित करने के लिए एक ख़तरा बन गई ? *1+2+2=5*

Study the following passage carefully and answer the questions that follow :

The smaller states in the alliances used the link to the superpowers for their own purposes. They got the promise of protection, weapons and economic aid against their local rivals, mostly regional neighbours with whom they had rivalries. The alliance systems led by the two superpowers, therefore, threatened to divide the entire world into two camps. This division happened first in Europe. Most countries of Western Europe sided with the US and those of Eastern Europe joined the Soviet camp. That is why, these were also called the 'western' and the 'eastern' alliances.

(i) Name one organisation each related to the 'western' and the 'eastern' alliances.

(ii) Why were the smaller states interested in joining the super alliances ?

(iii) How did the 'alliance system' threaten to divide the world ?

**18.** निम्नलिखित उद्धरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

पाकिस्तान में लोकतांत्रिक शासन चले – इसके लिए कोई ख़ास अंतर्राष्ट्रीय समर्थन नहीं मिलता । इस वजह से भी सेना को अपना प्रभुत्व क़ायम करने के लिए बढ़ावा मिला है । अमरीका तथा अन्य पश्चिमी देशों ने अपने-अपने स्वार्थों से गुज़रे वक्त में पाकिस्तान में सैनिक शासन को बढ़ावा दिया । इन देशों को उस आतंकवाद से डर लगता है जिसे ये देश 'विश्वव्यापी इस्लामी आतंकवाद' कहते हैं । इन देशों को यह भी डर सताता है कि पाकिस्तान के परमाण्विक हथियार कहीं इन आतंकवादी समूहों के हाथ न लग जाएँ । इन बातों के मद्देनज़र पाकिस्तान को ये देश पश्चिम तथा दक्षिण एशिया में पश्चिमी हितों का रखवाला मानते हैं ।

(i) 'विश्वव्यापी इस्लामी आतंकवाद' से क्या अभिप्राय है ?

(ii) पाकिस्तान को लोकतांत्रिक शासन के लिए उचित अंतर्राष्ट्रीय समर्थन क्यों नहीं मिला ?

(iii) पाकिस्तान के सैनिक शासन को पश्चिम तथा दक्षिण एशिया में, पश्चिमी देशों के हितों का रखवाला क्यों समझा जाता था ? *1+2+2=5*

Study the following passage carefully and answer the questions that follow :

The lack of genuine international support for democratic rule in Pakistan has further encouraged the military to continue its dominance. The United States and other Western countries have encouraged the military's authoritarian rule in the past, for their own reasons. Given their fear of the threat of what they call 'global Islamic terrorism' and the apprehension that Pakistan's nuclear arsenal might fall into the hands of these terrorist groups, the military regime in Pakistan has been seen as the protector of Western interests in West Asia and South Asia.

(i) What is meant by 'global Islamic terrorism' ?

(ii) Why did Pakistan lack genuine international support for democratic rule ?

(iii) Why was the military regime in Pakistan considered as the protector of Western interests in West Asia and South Asia ?

**19.** निम्नलिखित उद्धरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जन आंदोलनों के आलोचक अक़सर यह दलील देते हैं कि हड़ताल, धरना और रैली जैसी सामूहिक कार्रवाइयों से सरकार के कामकाज पर बुरा असर पड़ता है । उनके अनुसार इस तरह की गतिविधियों से सरकार की निर्णय-प्रक्रिया बाधित होती है तथा रोज़मर्रा की लोकतांत्रिक व्यवस्था भंग होती है । इस तरह की दलीलें एक और गहरे सवाल को जन्म देती हैं और वह सवाल यह है कि जन आंदोलन ऐसी मुखर सामूहिक गतिविधियों का सहारा क्यों लेते हैं ? हमने देखा है कि ये जन आंदोलन जनता की जायज़ माँगों का नुमाइंदा बनकर उभरे हैं और उन्होंने नागरिकों के एक बड़े समूह को अपने साथ जोड़ने में कामयाबी हासिल की है । हमें यहाँ इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि इन जन आंदोलनों द्वारा लामबंद की जाने वाली जनता सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित तथा अधिकारहीन वर्गों से सम्बन्ध रखती है ।

(i) जन आंदोलन किन दो प्रकार की मुखर गतिविधियों का प्रयोग करते हैं ?

(ii) आलोचकों द्वारा दिए गए तर्कों से आप कहाँ तक सहमत हैं ?

(iii) जन आंदोलनों में भाग लेने वाले अधिकांश समूह सामाजिक रूप से वंचित समूह ही क्यों होते हैं ? *1+2+2=5*

Study the following passage carefully and answer the questions that follow :

Critics of popular movements often argue that collective actions like strikes, sit-ins and rallies disrupt the functioning of the government, delay decision-making and destabilise the routines of democracy. Such an argument invites a deeper question: why do these movements resort to such assertive forms of action ? We have seen that popular movements have raised legitimate demands of the people and have involved large scale participation of citizens. It should be noted that the groups mobilised by these movements are poor, socially and economically disadvantaged sections of the society from marginal social groups.

(i) Popular movements resort to which two types of assertive actions ?

(ii) How far do you agree with the arguments given by the critics ?

(iii) Why are groups involved in popular movements mostly from marginal social groups ?

**20.** नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :




(i) सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए डंडे को संभालने वाले व्यक्ति को पहचानिए तथा उसका नाम लिखिए ।

(ii) कार्टून में सार्वजनिक क्षेत्र की ओर अधिक झुकाव क्यों दिखाया गया है ?

(iii) सार्वजनिक क्षेत्र पर अधिक बल दिए जाने के कारण, भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या दुष्प्रभाव पड़ा ? *1+2+2=5*

Study the cartoon given below carefully and answer the questions that follow :




(i) Identify and name the person who is holding the balancing beam between the public sector and the private sector.

(ii) Why has a big tilt towards the public sector been shown in the cartoon ?

(iii) How did the over-emphasis on public sector adversely affect the Indian economy ?

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Question No. 20 :*

(20.1) प्रत्येक का कम-से-कम एक उदाहरण की सहायता से सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(20.2) भारतीय संदर्भ को ध्यान में रखते हुए, आप किस प्रकार की अर्थव्यवस्था को प्राथमिकता देंगे और क्यों ?

(20.3) वैश्वीकरण ने किस प्रकार के आर्थिक क्षेत्र को बढ़ावा दिया है ? *2+2+1=5*

(20.1) Distinguish between the public sector and the private sector with the help of at least one example each.

(20.2) Keeping in mind the Indian context, which type of economy would you prefer and why ?

(20.3) Globalisation has promoted which type of economic sector ?

**21.** **विश्व** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में पाँच देशों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ तथा Ⓔ द्वारा दर्शाया गया है । नीचे दी गई जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए तथा उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या तथा सम्बन्धित अक्षर सहित, निम्नलिखित तालिका के अनुसार अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या | सम्बन्धित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) वह देश जहाँ 1987 में मोंट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए ।

(ii) इस देश का कहना है कि गैसों के उत्सर्जन में कमी करने की प्रमुख ज़िम्मेदारी विकसित देशों की है ।

(iii) यह देश वन सम्बन्धी आंदोलनों के लिए विख्यात है ।

(iv) फ्रैंकलिन नदी तथा आस-पास के वनों को बचाने के लिए, पहला बाँध-विरोधी आंदोलन इस देश में चला ।

(v) विश्व का सर्वाधिक खनिज तेल उत्पादक देश । *5×1=5*

In the given political outline map of the **World**, five countries have been shown as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. With the help of the information given below, identify these countries and write their correct names along with the serial number of the information used and the related alphabet as per the following format in your answer-book :

| Sr. No. of the information used | Alphabet concerned | Name of the country |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |


(i) The county where Montreal Protocol was signed in 1987.

(ii) This country is of the view that the major responsibility of curbing gas emissions rests with the developed countries.

(iii) This country is known for its forest movements.

(iv) The first anti-dam movement aimed to save the Franklin River and its surrounding forests was launched in this country.

(v) The largest producer of mineral oil in the world.


WORLD Political
विश्व राजनीतिक
A
B
C
D
E

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Question No. 21 :*

(21.1) लम्बे समय से चल रहे किन्हीं दो पर्यावरणीय मुद्दों का उल्लेख कीजिए ।

(21.2) 1992 में हुए 'पृथ्वी सम्मेलन' के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए ।

(21.3) क्योटो प्रोटोकॉल की किन्हीं दो विशेषताओं को उजागर कीजिए । *1+2+2=5*

(21.1) Mention any two environmental concerns that have a long history.

(21.2) Explain the significance of 'Earth Summit' held in 1992.

(21.3) Highlight any two features of the Kyto Protocol.

**22.** नव-अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था (NIEO) की धारणा को जन्म देने वाली परिस्थितियों को उजागर कीजिए । इस प्रयास को कमज़ोर बनाने वाले किन्हीं दो कारकों की व्याख्या कीजिए । *4+2=6*

**अथवा**

सोवियत संघ के विघटन ने किन तीन तरीकों से विश्व राजनीति को प्रभावित किया ? व्याख्या कीजिए । *3×2=6*

Highlight the circumstances which gave birth to the idea of New International Economic Order (NIEO). Explain any two factors that weakened this initiative.

**OR**

In what three ways did the collapse of the Soviet Union affect the world politics ? Explain.

**23.** ढाँचागत ताकत के रूप में अमरीकी वर्चस्व का परीक्षण कीजिए । *6*

**अथवा**

एक आर्थिक समुदाय के रूप में आसियान की भूमिका का आकलन कीजिए । *6*

Examine the U.S. hegemony as a structural power.

**OR**

Assess the role of ASEAN as an economic association.

**24.** संयुक्त राष्ट्र के छः प्रमुख अंगों का उल्लेख कीजिए और उनमें से किन्हीं दो के कार्यों का वर्णन कीजिए । *2+4=6*

**अथवा**

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात्, एशिया तथा अफ्रीका के नव स्वतंत्र देशों के समक्ष आने वाली सुरक्षा सम्बन्धी चुनौतियों का वर्णन कीजिए । *6*

Mention the six principal organs of the United Nations and describe the functions of any two of them.

**OR**

Describe the security challenges faced by the newly independent countries of Asia and Africa after the Second World War.

**25.** क्या आप इस कथन से सहमत हैं कि "स्वतंत्र भारत की विदेश नीति में शांतिपूर्ण विश्व का सपना रहा है" ? अपने उत्तर के समर्थन में कोई तीन उपयुक्त तर्क दीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

"भारत अनौपनिवेशीकरण की प्रक्रिया का एक प्रबल समर्थक और रंगभेद (नस्लवाद) की नीति का कट्टर विरोधी रहा है ।" इस कथन के पक्ष में कोई तीन उपयुक्त तर्क दीजिए । *3×2=6*

Do you agree with the statement that "the foreign policy of independent India has pursued the dream of a peaceful world" ? Support your answer with any three suitable arguments.

**OR**

Give any three suitable arguments in favour of "India being a staunch supporter of the decolonisation process and in firm opposition to racialism".

**26.** 1975 में लगाए गए आपातकाल से असहमति तथा विरोध के रूप में घटित गतिविधियों को उजागर कीजिए । आपकी राय में, इन गतिविधियों का जनमत पर क्या प्रभाव पड़ा ? *4+2=6*

**अथवा**

'इंदिरा बनाम सिंडीकेट' के मुद्दे का विश्लेषण कीजिए । इस मुद्दे ने इंदिरा गाँधी के समक्ष किस प्रकार की चुनौतियाँ प्रस्तुत कीं ? *2+4=6*

Highlight the acts of dissent and resistance to the Emergency imposed in 1975. In your opinion, how did these acts affect the public opinion ?

**OR**

Analyse the issue 'Indira vs the Syndicate'. What type of challenges did the issue pose before Indira Gandhi ?

**27.** भारत में विविधता में एकता बनाए रखने के लिए तनाव के किन्हीं तीन दायरों का वर्णन कीजिए जिनको अभी हल किया जाना बाकी है । *3×2=6*

**अथवा**

1989 के पश्चात् भारत के अधिकांश राजनीतिक दलों में बढ़ती हुई सहमति की किन्हीं तीन मुख्य बातों का वर्णन कीजिए । *3×2=6*

Describe any three areas of tension which are yet to be solved to retain unity in diversity in India.

**OR**

Describe any three elements of growing consensus among most of the political parties of India after 1989.